दिनांक : 05.08.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित परिवारों का सर्वे होगा, जनता को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।
- राज्य विधानसभा में मध्यप्रदेष महानगर क्षेत्र नियोजन सहित तीन विधेयक पेष, आज होगी चर्चा।
- मध्यप्रदेष षिखर खेल अलंकरण समारोह आज भोपाल में, मुख्यमंत्री एकलब्य और विक्रम पुरस्कार से करेंगे सम्मानित।
- प्रदेषभर में सावन के अंतिम सोमवार को मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड।

मुख्यमंत्री-गुना दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुना जिले में बाढ़ और अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अतिवृष्टि तथा बाढ़ से जनता को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। प्रत्येक प्रभावित परिवार का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति की जाएगी। सरकार द्वारा डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सहायता राशि सीधे प्रभावितों के खातों में पहुंचाई जाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी वर्षा संभावित है, इसलिए प्रशासन पूर्ण सतर्कता बरते। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहें।

विधानसभा-विधेयक

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के छठवें दिन कल सदन में तीन विधेयक पेश किए गए। इन विधेयकों पर आज सदन में चर्चा कराई जा सकती है। नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन और विकास विधेयक 2025 विधेयक पेश किया था। इस विधेयक के तहत भोपाल और इंदौर के मेट्रोपॉलिटन रीजन की सीमाओं को परिभाषित किया गया है। भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में मंडीदीप, रायसेन, औबेदुल्लागंज, सांची, विदिशा, सीहोर, आष्टा, नरसिंहगढ़, और ब्यावरा जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन में इंदौर जिले के अलावा देवास, उज्जैन, बड़वाह, धार, सोनकच्छ और शाजापुर जिले के कुछ हिस्से शामिल होंगे।

श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश कारखाना संशोधन विधेयक 2025 और मध्यप्रदेश दुकान तथा स्थापना संशोधन विधेयक सदन में पेश किए। मप्र कारखाना संशोधन विधेयक-2025 में प्रावधान

है कि श्रमिकों की सुरक्षा और मानकों को अद्यतन किया जा सकेगा। जबकि दुकान और स्थापना विधेयक 2025 को व्यापारिक संस्थानों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए लाया गया है।

विधानसभा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के आदिवासियों के हितों के लिए सरकार गंभीर है। हम विपक्ष के सदस्यों के साथ भी बैठकर आदिवासियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा आदिवासी जिलों में वन अधिकार के दावेदारों के प्रकरणों को खारिज करने संबंधी लाए गए ध्यानाकर्षण सूचना में चर्चा के दौरान कहा कि उनके संज्ञान में यह भी आया है कि आदिवासी इलाकों में सामान्य वर्ग के लोग भी रहते हैं, हम उनका भी हल खोजेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष श्री सिंघार ने कहा कि वर्ष 2005 के पहले से कब्जा किए आदिवासियों को बेदखल किया गया है। सरकार की ओर से वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने जवाब दिया।

प्रधानमंत्री- कर्तव्य भवन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना का ही एक हिस्सा है। यह भवन प्रशासनिक प्रक्रियाओं और शासन की सुव्यवस्था के उद्देश्य से भविष्य में निर्मित होने वाले केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला है।

राज्यपाल मध्यप्रदेश

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पुलिस के लिए जितना जरूरी कानून व्यवस्था बनाए रखना है, उतना ही जरूरी जनहितैषी छवि को पुख्ता बनाना भी है। राज्यपाल श्री पटेल ने कल भारतीय पुलिस सेवा के 77वें परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय की बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसमें कमी लाना आप सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसके लिए सतत जन जागरूकता और जन संवाद के नवाचार किया जाना आवश्यक है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण करेंगे। राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया जायेगा। संस्कृति, जनसम्पर्क एवं लोक निर्माण विभाग समारोह की आवश्यक तैयारियां करेंगे।

खेल अलंकरण

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह में 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार और 12 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

सावन सोमवार

प्रदेशभर में सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर कल मंदिरों में श्रृद्धालुओं की भीड़ रही। उज्जैन में बाबा महाकाल की राजसी सवारी निकाली गई। मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई। आगर मालवा में श्री बैजनाथ महादेव की शाही सवारी निकाली गई। बाबा बैजनाथ के स्वागत में पूरे नगर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। शाही सवारी में डेढ़ लाख से अधिक भक्त शामिल हुए। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में भी भगवान ओंकारेश्वर की सवारी निकाली गई। मंडला में माहिष्मती नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। देवास, जबलपुर, नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों में भी शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्वालु पहुंचे।

मातृ वंदना योजना पंजीकरण

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष पंजीकरण इस महीने की 15 तारीख तक बढ़ा दिया है। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता प्रसार और नामांकन अभियान का उद्देश्य सभी गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं तक पहुंचना और योजना के तहत समय से उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है।

पीएम जनमन

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना में कंपनी कार्यक्षेत्र के 10 अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में अब तक बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति परिवारों के 12 हजार से अधिक घरों को रोशन किया है। इन दस जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन, मुरैना एवं भिण्ड शामिल हैं।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। इनके अलावा श्योपुर, निवाड़ी, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर और छतरपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां मध्यम से भारी बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी

दी गई है। शेष बचे जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश के साथ आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- अभिनेता और पार्श्व गायक किशोर कुमार के जन्मदिवस के अवसर पर खंडवा में तीन दिवसीय खंडवा का गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौरव यात्रा में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।
- मंडला में  खाद्य विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई की है। औचक निरीक्षण में शहर के तीन रेस्टोरेंट से 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।
- रायसेन में आपदा प्रबंधन अंतर्गत इंसिडेंट रेस्पांस सिस्टम- आईआरएस विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने कहा कि समय पूर्व तैयारियों और बेहतर प्रबंधन से आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है।
- धार में कल युवा संगम प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा 37 युवाओं का चयन किया गया।
- शिवपुरी जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज जिला रोजगार कार्यालय में सुरक्षा जवान औरं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है।
- राज्य स्तरीय (रीजनल) पेंटिंग प्रतियोगिता में इंदौर में आईसीएसई बोर्ड के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से आये प्रतिभागियों के मध्य संपन्न सब जूनियर लेवल में अन्वेषा ठाकुर ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

-------